करियर काउन्सेलिंग और बायोडेटा सहायता

हमारे काउन्सेलर आपकी अपनी ज़रूरतों, कौशलों और रुचियों का आकलन करने में मदद करेंगे। वे आपकी नौकरी खोज में मदद करने के लिए एक सिलसिलेवार प्रक्रिया के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करेंगे। विशेषज्ञ स्टाफ़ बायोडाटा लिखने और डिज़ाइन करने में आपकी मदद करेगा जिससे अच्छे नतीजे मिलेंगे। हम आपको दिखाएंगे कि बायोडाटा कैसे तैयार करें और इंटरनेट पर अपने कौशल की मार्केटिंग कैसे करें।

वर्चुअल कार्यशिविर

आप हररोज़ लाइव प्रस्तुतकर्ताओं के साथ यहाँ वर्चुअल कार्यशिविरों में हिस्सा ले सकते हैं:

- नौकरी की खोज के लिए व्यूहरचनाएं
- नेटवर्किंग
- वेतन पर बातचीत
- नौकरी को खोने से निपटना
- बायोडेटा तैयार करना
- इंटरव्यू कौशल

संसाधन कक्ष

हमारे करियर सेंटर कंप्यूटर, टेलीफ़ोन, प्रिंटर, कॉपियर और फ़ैक्स तक निःशुल्क पहुँच प्रदान करते हैं।

नौकरी की खोज के संसाधन ईवेंट और भर्तियाँ

पूरे न्यूयॉर्क राज्य के व्यवसाय श्रम विभाग के साथ नौकरी की रिक्तियों की सूची बनाते हैं। आप यहाँ जा कर जॉब बोर्ड और ऑनलाइन नौकरी की रिक्तियों की समीक्षा कर सकते हैं: **myjobsny.usnlx.com/**

प्लेसमेंट विशेषज्ञ, लक्षित नौकरी खोज करने में भी आपकी मदद कर सकते हैं। कई व्यवसाय हमारे सेंटरों को नौकरी के लिए भर्तियाँ करने और स्थल पर इंटरव्यू करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।
statistics.labor.ny.gov/career-zone/career-calendar.shtml

वर्चुअल करियर सेंटर

वर्चुअल करियर सेंटर (VCC), न्यूयॉर्क राज्य की प्रमुख ऑनलाइन नौकरी की खोज साइट है, और इसे लोगों को अपना अगला करियर खोजने में मदद करने के लिए बनाया गया है। उन्नत आर्टिफ़िशल इंटेलिजेंस के द्वारा नौकरी खोज रहे व्यक्ति अपने कौशल और अनुभव का न्यूयॉर्क के व्यवसायों के पास उपलब्ध अवसरों से मिलान कर सकते हैं।
dol.ny.gov/virtual-career-center-ind

वयस्क बुनियादी शिक्षा/दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेज़ी

हम आपको हाई स्कूल के समकक्ष डिप्लोमा करने या आपके अंग्रेज़ी-भाषा कौशल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए बिना शुल्क वाले कोर्स के बारे में बता सकते हैं।

COURSERA

न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग अग्रणी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदाता Coursera के साथ साझीदारी कर रहा है। Coursera के माध्यम से बेरोज़गार न्यूयॉर्क निवासियों को उच्च-प्रगति दर वाले उद्योगों से संबंधित लगभग 4,000 कार्यक्रमों तक पहुँच प्राप्त होगी और वे डेटा सायंस, बिज़नेस और टेक्नोलॉजी में अपने कौशलों को बेहतर बना पाएंगे। इनमें से कई कार्यक्रम प्रमाणन के मार्ग होते हैं और आपके करियर को उन्नत करने में सहायक हो सकते हैं।

व्यावसायिक कक्षीय और काम पर प्रशिक्षण (जो पात्र हों उनके लिए)

हम आपको लंबी अवधि के करियर के लिए छोटी अवधि के पाठ्यक्रम रेफ़र कर सकते हैं। *निधियन की उपलब्धता और कार्यक्रम संबंधी विनियमों के अधीन*

अनुकूलन और अनुकूलनक्षम टेक्नोलॉजी

अगर आप दिव्यांग हैं और करियर सेंटर में दी जाने वाली सेवाओं का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए आपको आवास या सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया हमारे स्टाफ़ को बताएं। हमारे पास अनुकूलनक्षम टेक्नोलॉजी है ताकि आपकी संसाधनों तक पहुँच बनाने में मदद की जा सके, जिनमें शामिल हैं: स्क्रीन रीडर, मैग्निफ़ायर, टेक्स्ट-टू-स्पीच सॉफ़्टवेयर, TTY टेक्स्ट टेलीफ़ोन, ट्रैकबॉल और बड़ी प्रिंट वाले कीबोर्ड।

डिजिटल साक्षरता

रोज़गार खोजने, प्राप्त करने और कायम रखने लिए डिजिटल साक्षरता कौशल आवश्यक हैं।

हमारे करियर सेंटर इन पर NorthStar डिजिटल साक्षरता मूल्यांकन और इन पर ट्रेनिंग प्रदान करते हैं:

आवश्यक कंप्यूटर कौशल - बुनियादी कंप्यूटर कौशल; इंटरनेट की बुनियादी बातें; ईमेल का प्रयोग; Windows; Mac OS

आवश्यक सॉफ़्टवेयर कौशल - Microsoft Word; Microsoft Excel; Microsoft PowerPoint; Google Docs

रोज़मर्रा के जीवन में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना - सोशल मीडिया; सूचना साक्षरता; करियर खोज कौशल; डिजिटल फ़ुटप्रिंट

अपना कैरियर केंद्र खोजें

www.labor.ny.gov/career-center-locator

न्यूयॉर्क सिटी के करियर सेंटर

ब्रुकलिन WORKFORCE1 करियर सेंटर (किंग्स काउंटी)

9 Bond Street, 5th Floor
Livingston / Fulton Streets के बीच
Brooklyn, NY 11201
718-246-5219
www.nyc.gov/workforce1

WORKFORCE1 करियर सेंटर किंग्स काउंटी

250 Schermerhorn Street
Brooklyn, New York 11201
718-780-9200
www.nyc.gov/workforce1

WORKFORCE1 करियर सेंटर ब्रॉन्क्स काउंटी

400 E. Fordham Road, 8th Floor
(प्रवेश द्वार Webster Street पर)
Bronx, New York 10458
718-960-7901
www.nyc.gov/workforce1

ELMHURST WORKFORCE1 करियर सेंटर (QUEENS COUNTY)

90-02 Queens Boulevard, 2nd floor
Elmhurst, NY 11373
718-321-6307
www.nyc.gov/workforce1

क्वींस न्यूयॉर्क स्टेट करियर सेंटर (क्वींस काउंटी)

168-25 Jamaica Avenue, 2nd Floor
Jamaica, New York 11432
718-557-6735
www.nyc.gov/workforce1

लोअर मैनहट्टन WORKFORCE1 करियर सेंटर (न्यूयॉर्क काउंटी)

199 Church Street, 3rd Floor
New York, New York 10007
212-775-3771
www.nyc.gov/workforce1

NYC WORKFORCE1 करियर सेंटर (न्यूयॉर्क काउंटी)

215 West 125th Street 6th Floor
7th / 8th Avenues के बीच
New York, New York 10027
917-493-7247
917-493- 7054
www.nyc.gov/workforce1

स्टेटन आइलैंड WORKFORCE1 करियर सेंटर (रिचमंड काउंटी)

120 Stuyvesant Place, 3rd Floor
Staten Island, New York 10301
718-285-8463
www.nyc.gov/workforce1

न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर, एक समान अवसर नियोक्ता/कार्यक्रम है।
विकलांग व्यक्तियों के लिए अनुरोध पर और नि:शुल्क सहायक सहायता और सेवाएं उपलब्ध हैं TTY/TDD 711 या 1-800-662-1220 (अंग्रेज़ी) / 1-877-662-4886.